# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

पत्रांकः टीएस–सीसीटीएनएस–17/2010 दिनांकःदिसम्बर 28 ,2017

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय,
इलाहाबाद।

कृपया अपने पत्रांक सात–62–2011 दिनांक 27.12.2017 का अवलोकन करें। जिसके द्वारा 17 जनपदों में स्थापित रानी लक्ष्मीबाई आशा ज्योति केन्द्रों पर महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों में सीसीटीएनएस की व्यवस्था के सम्बन्ध में आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक है।

2) इस परिप्रेक्ष्य में इस मुख्यालय के समांक पत्र दिनांकित 14.12.2017 प्रेषित किया गया है, जो सुलभ संदर्भ हेतु छाया प्रति संलग्न का अवलोकन करें।

3) उक्त द्वारा श्री भगवान स्वरूप, सचिव, गृह (पुलिस) अनुसाग–15 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 503/छः–पु0–15–2017 दिनांकित 09.12.2017 द्वारा प्रमुख सचिव महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन के अर्द्व0 शासकीय पत्र संख्या 2016/एफ0एम0यू0/2017 दिनांक 09 दिसम्बर 2017 के कम में मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में बैठक दिनांक 11.12.2017 का पूर्व सन्दर्भ ग्रहण करें।

4) उपरोक्त बैठक के एजेण्डा बिन्दु संख्या 06 में उल्लिखित है कि ''वर्तमान में प्रदेश के 17 जनपदों में सखी–आशा ज्योति केन्द्र स्थापित है, जिनमें पीड़िताओं की सहायता हेतु पुलिस चौकी की भी स्थापना की गयी है, किन्तु आवश्यकतानुसार पीड़िताओं की एफ0आई0आर0 दर्ज करने हेतु उन पुलिस चौकियों को सक्षमता प्राप्त नहीं है। तत्क्रम में इन केन्द्रों में स्थापित पुलिस चौकियों को एफ0आई0आर0 दर्ज करने हेतु गृह विभाग से अनुरोध किया गया है''

5) इस सम्बन्ध में आपके स्तर से 17 सखी–आशा ज्योति केन्द्र में एफ0आई0आर0 दर्ज करने हेतु रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों की सक्षमता का दर्जा प्रदान किये जाने के दृष्टिगत नोटीफिकेशन जारी किया गया हो तो इस सम्बन्ध में उस नोटीफिकेशन की प्रति इस

मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। यदि उक्त नोटीफिकेशन अभी तक जारी नहीं हुआ है, तो 17 प्रस्तावित सखी–आशा ज्योति केन्द्र में एफ0आई0आर0 दर्ज करने हेतु पुलिस चौकियों की सक्षमता का दर्जा प्रदान किये जाने के दृष्टिगत अपने स्तर से सम्बन्धित से पत्राचार कर नोटीफिकेशन जारी कराने की आवश्यकता है।

6) अतः 17 प्रस्तावित सखी–आशा ज्योति केन्द्र में एफ0आई0आर0 दर्ज करने हेतु रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों की सक्षमता का दर्जा प्रदान करने के दृष्टिगत नोटीफिकेशन के इस मुख्यालय में प्राप्त होने के उपरान्त ही तकनीकी सेवाऐं मुख्यालय स्तर से अग्रेतर तकनीकी कार्यवाही की जा सकती है।

**संलग्नकः यथोपरि।**

Maa 28/12

**( महेन्द्र मोदी )**

पुलिस महानिदेशक,

तकनीकी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त प्रकरण में परीक्षणोपरान्त आशा ज्योति केन्द्रों में महिला थाना रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों के निर्धारण हेतु सम्बन्धित से पत्राचार करने की कृपा करें एवं एक प्रति इस मुख्यालय को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. संयुक्त निदेशक, सीसीटीएनएस, एनसीआरबी, नई दिल्ली को उपरोक्त के कम में अग्रेतर कार्यवाही हेतु।
3. सचिव, गृह (पुलिस) अनुसाग–15 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को अग्रेतर कार्यवाही हेतु संलग्नक सहित सूचनार्थ प्रेषित।
4. पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक, उ0प्र0 लखनऊ को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 महोदय के संज्ञान हेतु।

5. पुलिस महानिरीक्षक, अपराध, उ0प्र0, लखनऊ को उनके पत्रांक डीजी–सात–एस–3–22/2016 दिनांक 23.12.2017 के कम में अग्रेतर कार्यवाही हेतु संलग्नक सहित सूचनार्थ प्रेषित।

6. पुलिस महानिरीक्षक, महिला, सम्मान प्रकोष्ठ, उ0प्र0, लखनऊ।

7. अनु सचिव, गृह (पुलिस) अनुसाग–06 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 1276/पी/छः–पु0–6–17–300–13 2011 दिनांकित 21.12.2107 के कम में अग्रेतर कार्यवाही हेतु संलग्नक सहित सूचनार्थ प्रेषित।

8. श्री कृष्ण मुरारी, प्रोग्रामर ग्रेड–2 उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, उत्तर प्रदेश लखनऊ को समन्वय एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु।

9. श्री प्रद्युम्न अग्रहरि, प्रोजेक्ट मैनेजर, एसपीएमयू, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

10. श्री सुमित गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनआईआईटी।

फैक्स/ई-मेल

अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें,
उ0प्र0, लखनऊ।

कृपया पुलिस महानिरीक्षक (अपराध), उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या:डीजी-सात-एस-3-(22‼ /2016 दिनांक 23.12.2017 सपठित अनुसचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या:1276पी/छ:-पु0-6-17-300(13)/2016 दिनांक 21.12.2017 एवं प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या:5041/60-3-2017 दिनांक 28.11.2017 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें जो प्रदेश के 17 जनपदों में स्थापित रानी लक्ष्मीबाई आशा ज्योति केन्द्रों पर महिला रिपोटिंग पुलिस चौकियों में एफ0आई0आर0 दर्ज किये जाने एवं सी0सी0टी0एन0एस0 की व्यवस्था के सम्बन्ध में है।

2. अनुरोध है कि कृपया प्रदेश के 17 जनपदों में स्थापित रानी लक्ष्मीबाई आशा ज्योति केन्द्रों पर महिला रिपोटिंग पुलिस चौकियों में सी0सी0टी0एन0एस0 की व्यवस्था के सम्बन्ध मे अपनी संस्तुति सहित आख्या आज ही पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:यथोपरि।

27.12

(बी0 पी0 जोगदण्ड)
अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश।

तत्काल
1- CO, CCTNS
~~2. श्री संतोष पाण्डेय~~
आज ही आख्या प्रस्तुत करें

संख्या:सात-62-2011
दिनांक:दिसम्बर 27, 2017

प्रतिलिपि निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. पुलिस महानिरीक्षक, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, उ0प्र0, लखनऊ।
2. पुलिस महानिरीक्षक (अपराध), उ0प्र0, लखनऊ।

पुलिस महानिदेशक
तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश
28/12/17

FAX/समयबद्ध/गहत्व

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ

1- तिलक मार्ग, लखनऊ-226001

पत्र संख्याः डीजी-सात-एस-3-(22)/2016

दिनांकः दिसम्बर 23 ,2

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश, पुलिस मुख्यालय,
इलाहाबाद।

विषय प्रदेश के 17 जनपदों में स्थापित रानी लक्ष्मीबाई आशा ज्योति केन्द्रों पर महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों में एफ0आई0आर0दर्ज किये जाने एवं सी0सी0टी0एन0एस0 की व्यवस्था के सम्बन्ध में।

.............

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक आपको सम्बोधित एवं पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पृष्ठांकित अनु सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्याः1276पी/छः-पु0-6-17-300(13)/2 दिनांक 21.12.2017 सपठित प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश के संख्याः 5041/60-3-2017 दिनांक 28.11.2017(छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का करें, जो प्रदेश के 17 जनपदों में स्थापित रानी लक्ष्मीबाई आशा ज्योति केन्द्रों पर महिला रि पुलिस चौकियों में एफ0आई0आर0दर्ज किये जाने एवं सी0सी0टी0एन0एस0 की व्यवस्था के ... में है।

2. निदेशानुसार सादर अनुरोध है कि अनु सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र दि 21.12.2017 की अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हुए अपनी संस्तुति सहित आख्या ... को उपलब्ध कराते हुए इस मुख्यालय को भी अवगत कराने की कृपा करें।

23/12/17

(राहुल राज)
पुलिस अधीक्षक(अपराध)
निमित्त पुलिस महानिरीक्षक(अपराध)
उ0प्र0।

अपर पुलिस महानिदेशक
उ० प्र० पुलिस मुख्यालय
इलाहाबाद

प्रतिलिपि-पुलिस महानिरीक्षक, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश लखनऊ को सूचनार्थ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः अनु सचिव, गृह(पुलिस) अनुभाग-6 उत्तर प्रदेश शासन के उपरोक्त पत्र दिनांक 21.12.2017 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।